भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1224
उत्तर देने की तारीख : शनिवार, 19 सितंबर, 2020
28 भाद्रपद, 1942 (शक)

स्मारकों की खराब स्थिति

1224. डॉ0 संजीव कुमार शिंगरी:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क): क्या देश में उचित सर्वेक्षण और पर्यवेक्षण की कमी के कारण कई स्मारक खराब स्थिति में हैं; और
(ख): यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): जी, नहीं। पूरे देश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के 36 मंडलों और 01 लघु मंडल के अधीन 3692 केंद्रीय संरक्षित स्मारक हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संबंधित मंडलों द्वारा इन केंद्रीय संरक्षित स्मारकों की देखभाल संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार नियमित रूप से की जाती है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।